THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) and (b) The border districts of Punjab can receive terrestrial programmes telecast by the Pak TV. No area-wise survey of such spill-over broadcast and its popularity among viewers has so far been carried out by Doordarshan.

(c) Doordarshan constantly endeavours to strengthen the TV transmission in the border areas and improve the quality of programmes so as to sustain its viewers interest.

Encouragement to educational and patriotic serials on Doordarshan

177. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are encouraging educational and patriotic serials on Doordarshan;

(b) whether it is a fact that many good proposals for children's serials have been turned down; and

(c) the steps being taken to stress the patriotic shows for children on T.V.?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) It is the constant endeavour of Doordarshan to instill the feeling of pat riotism in children through its various programmes.

आकाशवाणी तथा दूरदर्शन में समाचार-वाचकों तथा अनुवादकों का पैनल

178. श्री जगदीश प्रसाद माथुर : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी तथा दूरदर्शन दोनों के लिये नैमित्तिक समाचार–वाचकों तथा अनुवादकों के पैनल में कितने व्यक्ति सम्मिलित हैं ; और

(ख) कार्य के विस्तार को देखते हुये ऊपर उल्लिखित पैनल में से अथवा किसी अन्य तरीके से नियमित समाचार वाचकों अथवा अनुवादकों की नियुक्ति किये जाने के संबंध में सरकार की नीति क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी०सिंह देव) : (क) आकाशवाणी तथा दूरदर्शन दोनों के लिए नैमित्तिक समाचार वाचकों-सह-अनुवादकों के पैनल में सब मिलाकर लगभग 650 व्यक्ति हैं ।

(ख) आकाशवाणी में समाचार वाचकों-सह-अनुवादकों के पदों पर नियुक्तियां भर्ती नियमों के अनुसार की जाती हैं । नैमित्तिक समाचार-सह-अनुवादक भी अन्य उम्मीदवारों के साथ आवेदन कर सकते हैं तथा भर्ती प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, बशर्ते कि वे पात्रता की शर्तों को पूरा करते हों, तथापि, दूरदर्शन काफी समय से नियमित आधार पर समाचार वाचकों की भर्ती नहीं करता है ।

केबल टी.वी. के बढ़ते प्रसार के संबंध मे सरकार की नीति

179. श्री अजीत जोगी :
चौधरी हरि सिंह :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में केबल टी०वी० नेटवर्क के बढ़ते प्रसार तथ इसकी उपयोगिता एं औचित्य के संबंध में कोई अध्ययन किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौर क्या है तथा किन-किन महानगरों मे केबल टी.वी. नेटवर्क का प्रसार हो रहा है तथा इन नगरों में कबल टी०वी० नटवर्क के दर्शकों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है

(ग) राज्य सरकारों द्वारा प्रसारित किये जाने वाले क्षेत्रीय तथा अन्य टी.वी कार्यक्रमों के अतिरिक्त दूरदर्शन टी.वी